आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.01.2025 / 09.20 बजे

प्रादेशिक समाचार

सी एम प्रचार

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्टार प्रचारक के रूप में आज शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अगले तीन दिनों तक दिल्ली में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी की ओर से प्रदेश से केवल मुख्यमंत्री को ही स्टार प्रचारक के रूप में दिल्ली भेजा गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आगामी 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को परिणाम घोषित होंगे।

राजेश धर्माणी

नगर नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आगामी केन्द्रीय बजट में हिमाचल को विकास कार्यों के लिए अधिक धनराशि देने की वकालत की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां दूसरे राज्यों की अपेक्षा भिन्न हैं और यहां परियोजनाओं के निर्माण में अधिक धनराशि खर्च होती है। राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल जंगलों की देखभाल करता है जिससे वन क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है। इसलिए प्रदेश को ग्रीन बोनस दिया जाना चाहिए।

लाला लाजपत राय

आज देश महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की 160वीं जयंती पर उनका स्मरण कर रहा है। लाला लाजपत राय ने स्वतंत्रता सैनानी , राष्ट्रवादी राजनेता, वकील और लेखक के रूप में देश को अपना बहुमूल्य योगदान दिया । पंजाब में उनके कार्यों की वजह से उन्हें पंजाब केसरी की उपाधि दी गई । उनका निधन स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पुलिस की लाठीचार्ज में हुआ था जब वे साइमन कमीशन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे थे।

दुर्घटना

बीती शाम जिला सोलन के अर्की से प्रयागराज महाकुंभ के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस कौशाम्बी–फतेहपुर सीमा पर एक क्रेन से जा टकराई जिसमें 25 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

मुख्य संसदीय सचिव व स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने आकाशवाणी से बातचीत करते हुए बताया कि वे वहां के स्थानीय प्रशासन और घायलों के परिजनों के साथ लगातार सम्पर्क में है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने गुड़िया मामले से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला और पंजाब केसरी ने खबर को एक जैसा शीर्षक दिया है आई जी जैदी और डी एस पी जोशी समेत आठ पुलिस कर्मचारियों को आजीवन कारावास। दैनिक भास्कर के शब्द हैं कस्टेडियल डेथ मामले में पूर्व आई जी जहूर जैदी समेत सभी 8 पुलिस कर्मियों को उम्रकैद।